शाम के समाचार

18.11.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10 PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार...

- केन्द्रीय वित्त मंत्री ने भारतीय स्टेट बैंक को बताया फॉर्च्यून-500 में सूचीबद्ध एकमात्र भारतीय बैंक ।
- बालाघाट में डीजीपी ने कहा कि पुलिस के जवानों के हौंसले हैं बुलन्द।
- प्रदेश सरकार ने अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए 397 करोड़ रूपये का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास भेजा।
- पश्चिम मध्य रेलवे ने सात माह में 629 लाख रेल यात्रियों से कमाए 14 सौ करोड़ रुपये।

सीतारामन-शताब्दी समारोह

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज भारतीय स्टेट बैंक की अतुलनीय विकास गाथा की सराहना की। मुंबई में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा भवन के शताब्दी समारोह में वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक फॉर्च्यून-500 में सूचीबद्ध एकमात्र भारतीय बैंक है। उन्होंने कहा कि यह बैंक प्रतिदिन 20 करोड़ यूपीआई लेनदेन का निपटारा कर सकता है। वित्त मंत्री ने भारतीय स्टेट बैंक को इसके देश भर में फैले 43 विरासत भवनों को संरक्षित करने के लिए भी प्रेरित किया। श्रीमती सीतारामन ने इस अवसर पर एक स्मारक सिक्का जारी किया।

बालाघाट डीजीपी

प्रदेश के डीजीपी सुधीर सक्सेना ने आज बालाघाट में वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक ली। गौरतलब हैं कि बालाघाट में कल पुलिस और नक्सली के बीच मुठभेड़ में हॉक फोर्स के शिवकुमार नामक जवान सिर में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे।जिसका गोंदिया में इलाज चल रहा है। बैठक के बाद डीजीपी घायल जवान को देखने के लिए भी गोंदिया पहुंचे। मीडिया से चर्चा करते हुए डीजीपी कहा कि पुलिस जवानों के हौसले बुलन्द है।

राज्यपाल प्रशिक्षु अधिकारी

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि अधिकारी की संवेदनशीलता, प्रशासन की सफलता का आधार होती है। संवेदनशील अधिकारी अपने कार्यों से समाज और राष्ट्र को बहुत कुछ दे सकते है। राज्यपाल आज राजभवन में भारतीय पुलिस सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान समय की बड़ी चुनौती, साइबर क्राईम और इसके बदलते स्वरूपों के प्रति जागरूकता और नवाचार बहुत जरुरी है। आमजनों और विशेष कर वंचित वर्गों को नवीनतम साईबर खतरों जैसे- डिजिटल अरेस्ट आदि विषयों के प्रति जागरूक करने के लिए नवाचारों के साथ प्रयास करे।

सिकल सेल केंद्र

महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग एवं अत्याधुनिक मॉडल ब्लड सेंटर को सिकल सेल उन्मूलन मिशन- 2047 के तहत उच्च स्तरीय देखभाल केंद्र के रूप में मंजूरी मिली है। इस परियोजना के तहत यहां गुणवत्तापूर्ण इलाज किया जायेगा। इस केन्द्र से इंदौर के समीपस्थ अलीराजपुर, धार, झाबुआ, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, उज्जैन, देवास आदि जिलों के मरीजों को सर्वाधिक लाभ मिलेगा। सिकल सेल रोग के लिये पहला सक्षमता केन्द्र भोपाल में आईसीएमआर के भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में जनजातीय अनुसंधान संस्थान के सहयोग से स्थापित किया गया है।

अग्निसेवा आधुनिकी करण

प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397 करोड़ रूपये से अधिक का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास भेजा गया है । केन्द्रीय गृह मंत्रालय को भेजे गये प्रस्ताव में 75 प्रतिशत केन्द्र सरकार के हिस्से के रूप में प्रदेश को प्राप्त होंगे। इसके अंतर्गत प्रदेश में नवीन फायर स्टेशनों का निर्माण, आधुनिक फायर ब्रिगेड वाहन, हाई राईज बिल्डिंग में अग्नि नियंत्रण के लिये हाइड्रोलिक प्लेटफार्म और आधुनिक उपकरण खरीदे जा सकेंगे। साथ ही अग्निशमन सेवाओं के कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण और क्षमतावर्धन भी किया जायेगा।

विज्ञान मेला एवं आरोग्य एक्सपो

जबलपुर के वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित महाकौशल विज्ञान मेला एवं आरोग्य एक्सपो का आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में समापन हो रहा है । मेला 14 नवम्बर से शुरू हुआ था.

इससे पहले, कलेक्टर दीपक सक्सेना ने महाकौशल विज्ञान परिषद द्वारा ट्रिपल आईटीडीएम, जबलपुर के सहयोग से आयोजित मेले में ब्रह्मोस, राज्य शासन के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन एवं रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन सहित विभिन्न संस्थानों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मेला बहुत उपयोगी है।

रेलवे कमाई

पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष के सात माह में पश्चिम मध्य रेल ने यात्री यातायात से 629 लाख 6 हजार बुक किए गए यात्रियों से 1 हजार 414 करोड़ 65 लाख रूपये का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में की तुलना में राजस्व 2 प्रतिशत अधिक है। भोपाल मण्डल ने भी 224 लाख 90 हजार बुक किए गए यात्रियों से 557 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया।

स्वच्छता संवाद

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन में समाज के अलग-अलग समूहों से वर्चुअली संवाद किया जा रहा है। इस बार स्वच्छता में महिलाओं की भूमिका एवं योगदान विषय पर संवाद किया गया। संवाद में प्रदेश के नगरीय निकायों से महिला जन-प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों, स्वच्छता सहयोगियों ने स्वच्छता में महिलाओं से सहयोग एवं योगदान पर अनुभव साझा किये गये। संवाद के दौरान बताया गया कि महिलाओं द्वारा अनुपयोगी सामग्री से प्रदेश के कई क्षेत्रों में विभिन्न कलाकृतियों का निर्माण भी किया जा रहा है। वक्ताओं ने कचरा वाहन में ही कचरा देने की आदतों में आये बदलाव, सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर थैला एवं पेपर बेग को अपनाने और इससे जुड़े मुद्दों पर विचार व्यक्त किये गये।

कुछ समाचार संक्षेप में....

1. किसानों की सुविधा के लिए धान विक्रय के लिये 1 हजार 412 और मोटा अनाज के लिये 104 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। ज्वार-बाजरा का उपार्जन 22 नवम्बर से और धान का उपार्जन 2 दिसम्बर से होगा।

2. भिण्ड कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में लापरवाही बरतने और संबंधित पटवारी के अपने हल्के पर अनुपस्थित पाये जाने पर 8 पटवारियों को तत्काल निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय अधीक्षक भू अभिलेख भिण्ड रहेगा।

3. नर्मदा पुरम में आईजीएस संस्था द्वारा नर्मदा महाविद्यालय में 30 छात्राओं को महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन और आत्मनिर्भर बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

4. पन्ना जिले कि ग्राम पंचायत शाहनगर द्वारा नवाचार करते हुए मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद कि आदमकद प्रतिमा से साथ साथ ग्राम के चार स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों कि प्रतिमा स्थापित कि गयी है।

5. झाबुआ जिले में 24 नवम्बर को रामा के रोटला के नर्सिंग कौशल कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

6. रतलाम में ट्रांसफार्मर से आयल चोरी करने वाले गैंग को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने 5 आरोपियों के पास से 40 लीटर ट्रांसफॉर्मर आयल और 75 लीटर जहरीली शराब के साथ गिरफ्तार किया।

7. आगरमालवा जिले में आज राजस्व महा अभियान 3.0 के अंतर्गत के बी वन का वाचन पटवारियों द्वारा किया गया।

8. खंडवा के ग्राम भावसिंगपुरा के शासकीय प्राथमिक शाला में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। और

9. अशोकनगर में 68वी राज्य स्तरीय 17 वर्ष बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 3 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक किया जाएगा।

------------------